# इग्नू क्षेत्रीय केंद्र देहरादून

नोटिस (दिनांक 05.05.2020)

## इग्नू की जून 2020 की सत्रांत परीक्षाएं स्थगित
## (Postponement of Term, End Exam June 2020)

**इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) द्वारा जून 2020 की सत्रांत परीक्षाओं को स्थगित करने का फैसला किया गया है। ये परीक्षायें 1 जून 2020 से प्रारम्भ होना निर्धारित थी। सत्रांत परीक्षाओं की नई संशोधित तारीखों को बाद में स्थिति का संज्ञान लेते हुए तय किया जाएगा, और छात्रों को कम से कम 15 दिन पहले इस बारे में सूचित किया जाएगा।**

इग्नू के कुलपति प्रो नागेश्वर राव, द्वारा मंगलवार 5 मई 2020 को 10 बजे को इग्नू के आधिकारिक फेसबुक पेज (@OfficialPageIGNOU) पर फेसबुक लाइव सत्र के माध्यम से छात्रों को संबोधित करते हुए इस बात की घोषणा की गयी। माननीय कुलपति ने बताया कि यह निर्णय देश में कोरोनवायरस के प्रकोप को देखते हुए लिया गया है।

**उन्होंने यह भी घोषणा की कि सत्रांत परीक्षा जून 2020 की परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 31 मई 2020 तक बढ़ा दी गई हैं। विश्वविद्यालय द्वारा पुनः प्रवेश या रि-एडमीशन का फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि भी 31 मई 2020 तक बढ़ा दी गई हैं।**

विश्वविद्यालय द्वारा सत्रीय कार्य या असाइनमेंट जमा करने की अंतिम तिथि पहले से ही 31 मई 2020 कर दी गयी है। लॉकडाउन अवधि के दौरान शिक्षार्थी ईमेल द्वारा अपने असाइनमेंट जमा कर सकते हैं। लॉकडाउन समाप्त हो जाने की स्थिति में शिक्षार्थी हार्ड कॉपी में भी अध्ययन केंद्र पर जाकर असाइनमेंट जमा कर सकेंगे।

**इग्नू के अनेक कार्यक्रमों में परियोजना या प्रोजेक्ट तैयार किया जाता है। इन कार्यक्रमों के छात्रों को आश्वस्त करते हुए, माननीय कुलपति ने बताया कि परियोजना प्रस्तुत करने की प्रक्रिया भी ऑनलाइन कर दी गई है जिसके लिए विश्वविद्यालय द्वारा अलग से दिशानिर्देश जारी किए जाएंगे। फील्ड वर्क और प्राथमिक डेटा के संग्रह की आवश्यकता वाले कार्यक्रमों के संबंध में, प्रोफ़ेसर नागेश्वर राव ने कहा कि फील्ड वर्क के बदले में सेकेंडरी रिसर्च डेटा के प्रयोग एवं विश्लेषण की अनुमति होगी।**

माननीय कुलपति द्वारा बताया गया कि इग्नू के अधिकांश शिक्षार्थियों को अध्ययन सामग्री दी जा चुकी है। जिन शिक्षार्थियों को अभी तक अध्ययन सामग्री नहीं मिल पायी है वे इग्नू के ई-ज्ञानकोष एवं इग्नू ई-कंटेंट मोबाइल ऐप द्वारा अध्ययन सामग्री डाउनलोड कर घर में रहते हुए अध्ययन कर सकते हैं।

लॉक डाउन अवधि के दौरान विश्वविद्यालय द्वारा शिक्षार्थियों की ऑनलाइन पढ़ाई हेतु अनेकों पहल की गयीं हैं। इनका उल्लेख करते हुए माननीय कुलपति ने शिक्षार्थियों को इन सुविधाओं का प्रयोग करने हेतु प्रोत्साहित किया । उन्होंने आश्वस्त किया कि लौक् डाउन के दौरान भी इग्नू के अध्ययन केंद्रों, क्षेत्रीय केंद्रों एवं मुख्यालय द्वारा शिक्षार्थियों की समस्याओं के समाधान हेतु निरंतर प्रयास किया जा रहा है।

जो शिक्षार्थी माननीय कुलपति का लाइव सत्र न देख पाए वे निम्नलिखित प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध वीडियो को अवश्य देखें:

**1. इग्नू के आधिकारिक फेसबुक पेज (@OfficialPageIGNOU) (Direct Link: https://www.facebook.com/OfficialPageIGNOU/videos/1155149394840108/ )**

**2. इग्नू क्षेत्रीय देहरादून का फेसबुक पेज (@ignoudehradun) (Direct Link: https://www.facebook.com/ignoudehradun/posts/235665954438390?__tn__=-R )**

**3. इग्नू क्षेत्रीय देहरादून का ट्विटर हैंडल (@DehradunIgnou) (Direct Link: https://twitter.com/DehradunIgnou/status/1257632775412125697 )**

इग्नू क्षेत्रीय केंद्र एवं इसके विभिन्न अध्ययन केंद्रों द्वारा लॉक डाउन अवधि में शिक्षार्थियों के अध्ययन हेतु ऑनलाइन माध्यम से अनेक परामर्श सत्रों का आयोजन किया जा रहा है एवं शिक्षार्थियों को एस.एम.एस. द्वारा इस बारे में सूचित किया जा रहा है।

**क्षेत्रीय निदेशक**
**इग्नू क्षेत्रीय केंद्र देहरादून**